दिन– बुधवार | दिनांक– 22 ⁄ 10 ⁄ 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सोलह मंत्रियों की किस्मत होगी दाव पर। इनमें भाजपा के ग्यारह और जदयू के पांच मंत्री शामिल।

02. दूसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का कल अंतिम दिन। इस चरण में एक सौ बाईस सीटों पर ग्यारह नवंबर को होगा मतदान।

03. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में दो स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, निर्वाचन आयोग ने कहा – कोई भी नागरिक और राजनीतिक दल अब अपनी शिकायतें सी–विजिल ऐप पर दर्ज करा सकते हैं।

---

बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार सरकार के सोलह मंत्री पहले चरण के चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें ग्यारह भाजपा के जबकि पांच जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार हैं। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को राज्य के अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर होगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रमुख प्रत्याशियों में भाजपा की ओर से सबसे अधिक मंत्री चुनावी मैदान में हैं।

–––बाईट–––

उपमुख्यमंत्री और भाजपा के उम्मीदवार सम्राट चौधरी पहली बार मुंगेर जिले की तारापुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी और दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा लखीसराय सीट से चुनावी मैदान में हैं। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे भाजपा के टिकट पर पहली बार सीवान निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। पथ निर्माण मंत्री नितिन नबीन भाजपा उम्मीदवार के रूप में पटना जिले की बांकीपुर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जबकि राजस्व भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी दरभंगा से चुनावी मैदान में हैं। वहीं पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता भाजपा प्रत्याशी के रूप में मुजफ्फरपुर जिले की कुढ़नी से जबकि पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह साहेबगंज से चुनावी मैदान में हैं। वहीं खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता बेगूसराय के बछवाड़ा और

नगर विकास और आवास मंत्री दरभंगा के जाले सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। राज्य पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार नालंदा जिले की बिहार शरीफ से जबकि सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू सारण जिले की अमनौर सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में हैं। इधर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशियों में पार्टी के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समस्तीपुर जिले की सराय रंजन सीट से जबकि सूचना और जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी कल्याणपुर सुरक्षित सीट से किस्मत आजमा रहे हैं। जदयू के एक अन्य प्रत्याशी और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार गोपालगंज जिले के भोरे सीट से जबकि मद्यनिषेध मंत्री रत्नेश सादा सहरसा जिले की सोनवर्षा सीट से चुनावी मैदान में हैं। जदयू ने समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी को दरभंगा जिले की बहादुरपुर सीट से जबकि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार को नालंदा को नालंदा सीट से उम्मीदवार बनाया है । धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना

---

दूसरे चरण के तहत ग्यारह नवंबर को बीस जिलों के एक सौ बाईस निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। इस चरण के लिए दो हजार छह सौ से अधिक नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। उम्मीदवार कल तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।

---

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि आपसी मतभेद के कारण महागठबंधन के घटक दलों के प्रत्याशी कई सीटों पर एक दूसरे के आमने–सामने हैं। गयाजी में पत्रकारों से बातचीत में श्री मांझी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत मिलने जा रहा है।

–––बाईट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि राज्य में अब कुशासन की वापसी नहीं होगी। श्री राय ने औरंगाबाद जिले के गोह प्रखंड के पथरौल हाई स्कूल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य की जनता एनडीए के शासन से संतुष्ट है।

–––बाईट–––

भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने महागठबंधन को "ठगबंधन" करार दिया है। श्री सिंह ने बेगूसराय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि राज्य के गरीबों का भला एनडीए सरकार ही कर सकती है।

–––बाईट–––

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह समाप्त होने के कगार पर है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस की इस हालत के लिए जिम्मेदार है।

–––बाईट–––

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में दो स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री कुमार की पहली सभा कटैया में होगी, जहां मुख्यमंत्री भोरे, हथुआ और कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगेगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि श्री कुमार की दूसरी सभा मांझी में होगी। यहां वे गोपालगंज सदर, बरौली और बैकुंठपुर विधानसभा के मतदाताओं से एनडीए उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करेंगे।

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मैदान सज गया है। नामांकन वापसी के बाद सभी एक सौ इक्कीस सीटों पर उम्मीदवार तय हो जाने से धुआंधार प्रचार भी जारी है।उम्मीदवारों में युवा से लेकर 78 वर्ष के बुजुर्ग भी शामिल हैं। एक रिपोर्ट–

---रिपोर्ट---

नामांकन वापसी के बाद मुजफ्फरपुर और कुढ़नी सीट पर सबसे अधिक 20–20 उम्मीदवार बचे हैं। इनके अलावा महनार में 18, डुमरांव में 16 और सिमरी बख्तियारपुर, महुआ, उजियारपुर, जमालपुर, तरारी और बक्सर में 15–15 उम्मीदवार चुनावी मैदान में डटे हैं। भोरे, परबत्ता और अलौली में सबसे कम पांच–पांच उम्मीदवार हैं। उम्मीदवारों की औसत आयु इक्यावन वर्ष है। सबसे युवा उम्मीदवारों में पच्चीस वर्षीय मैथिली ठाकुर हैं जबकि रविना कुशवाहा, शिवानी शुक्ला, दीपू सिंह और रवि रंजन भी युवा वर्ग में शामिल हैं। वहीं, हरनौत विधानसभा क्षेत्र से अठहत्तर वर्षीय हरि नारायण सिंह और सीवान से अवध बिहारी चौधरी चुनावी मैदान में हैं। पहले चरण में प्रत्येक सीट पर औसतन ग्यारह उम्मीदवार के भाग्य का फैसला होगा। सोनवर्षा, दरौली, रोसड़ा और मटिहानी से छह–छह, जबकि बिहारीगंज, औराई, बैकुंठपुर, कुचायकोट, रघुनाथपुर, दरौंदा और दानापुर में सात–सात उम्मीदवारों के बीच टक्कर होगी। समाचार कक्ष से मैं अनुपम कुमार।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि नागरिक और राजनीतिक दल अब आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने के लिए ईसीआईएनईटी प्लेटफॉर्म पर सी–विजिल ऐप का उपयोग कर सकते हैं। आयोग ने कहा कि एक शिकायत निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई है, जिसका कॉल सेंटर नंबर–एक नौ पांच शून्य है। इसके माध्यम से आम जनता या राजनीतिक दल संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी के पास शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यह प्रणाली अब चौबीसों घंटे चालू है। आयोग के अनुसार शिकायतों का सौ मिनट के भीतर निपटारा सुनिश्चित करने के लिए पूरे राज्य में आठ सौ चौबीस उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं। आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदर्श आचार संहिता लागू करने के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

---

निर्वाचन आयोग ने स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में कई दिशा–निर्देश जारी किये हैं। आयोग के अनुसार मतदान और उसके एक दिन पहले किसी भी स्थान पर प्रमाणिक विज्ञापन ही प्रकाशित किये जा सकेंगे। आयोग ने कहा है कि कोई भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या संगठन मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में कोई भी विज्ञापन एमसीएमसी से प्रणामित कराने बिना प्रकाशित नहीं करा सकेंगे।

---

लोजपा, आर ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार प्रसार के लिए चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, सांसद शाम्भवी चौधरी और अरूण भारती समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा रालोमो ने बीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इनमें पार्टी के

राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, शंकर झा आजाद, राजीव कुमार जायसवाल, फजल इमाम मल्लिक समेत अन्य कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं।

---

और अब चुनाव से जुड़ी अन्य खबरें....

नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र अंतर्गत छतियाना चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी विजय कुमार के पास से पचपन हजार पांच सौ रुपया नकद बरामद किया है। वहीं, पांच–पांच लाख रूपये के सैंतीस चेक भी जब्त किया है।

---

वैशाली जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्राईसाईकिल रैली निकाली गई। दिव्यांगजनों ने समाहरणालय परिसर से पुरानी गंडक पुल तक रैली निकालकर लोगों से मतदान में भाग लेने की अपील की। वहीं, हाजीपुर के पुरानी पुल घाट पर नौका दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

---

शेखपुरा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए विशेष वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान मादक पदार्थों की बरामदगी हुई है। वहीं, जिले के कसार और महुली थाना क्षेत्र के कई गांवों मे सीआरपीएफ और एसएसबी जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

---

पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। केन्द्रीय कानून मंत्रालय के अनुसार आज पी.बी. बजंथरी के सेवानिवृत्त होने के बाद श्री सिंह पदभाग ग्रहण करेंगे। श्री सिंह पन्द्रह अप्रैल दो हजार पन्द्रह को अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किये गये थे।

---

रेलवे की निगरानी टीम ने सोनपुर मंडल के एसएंडटी संवर्ग से संबंधित कार्यालय अधीक्षक मृत्युंजय कुमार को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुख्य जनसर्म्पक अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि सोनपुर मंडल के एक रेलवे कर्मचारी के त्यागपत्र पर कार्यवाही करने के लिए कार्यालय अधीक्षक तीस हजार रूपये की मांग कर रहे थे। सूचना के बाद निगरानी की टीम ने यह कार्रवाई की है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी अलग–अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– बड़े दलों का शिक्षित उम्मीदवारों पर भरोसा बढ़ा। दस प्रतिशत मैट्रिक जबकि बीस प्रतिशत इंटर पास। सात सिर्फ साक्षर हैं।

दैनिक भास्कर टिकट कटा, बागी बने, खेल बिगाड़ेंगे शीर्षक से लिखता है– पहले चरण में एक सौ इक्कीस सीटों में चौबीस पर बागी, यहां एनडीए और इंडिया एलायंस के लिए जीत बनेगी चुनौती।

दैनिक जागरण ने महागठबंधन में सीटों को लेकर मचे धमासान पर लिखा है– संवादहीनता से बढ़ी दूरी, बारह सीटों पर महागठबंधन में तकरार, छह सीटों पर राजद और कांग्रेस आमने–सामने।

प्रभात खबर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– हमारी सरकार में सभी का विकास हुआ।

आज और राष्ट्रीय सहारा ने अभिनेता असरानी के निधन को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सोलह मंत्रियों की किस्मत होगी दाव पर। इनमें भाजपा के ग्यारह और जदयू के पांच मंत्री शामिल।

02. दूसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का कल अंतिम दिन। इस चरण में एक सौ बाईस सीटों पर ग्यारह नवंबर को होगा मतदान।

03. जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गोपालगंज में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में दो स्थानों पर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, निर्वाचन आयोग ने कहा – कोई भी नागरिक और राजनीतिक दल अब अपनी शिकायतें सी–विजिल ऐप पर दर्ज करा सकते हैं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।